www.UniversityQuestionPapers.com

# हिंदी (संपूर्ण)

समय : ३ घंटे) **प्रश्नपत्रिका : अक्तुबर २००८** (कुल अंक : ८०

सूचना : शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

**प्र. १ : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों के आधार पर लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग पचास–साठ शब्दों में हो ।** (१२)

(१) हरिदास को मगनसिंह के बारे में क्या जानकारी प्राप्त हुई?

(२) जादूगर नौ–दो ग्यारह क्यों हो गया?

(३) लेखक सारे भारत को चश्मेबाज क्यों बनाना चाहते हैं?

(४) लेखक ने नौकरी माँगने वाले शंकर का वर्णन किस तरह किया है?

(५) यात्रा पर निकलने के कौन–से तरीके लेखक बताते हैं?

(६) वृद्ध ने किस उद्देश्य से अज्जू के परिवार की सहायता की?

**प्र. २ : (अ) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों के आधार पर केवल एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए ।** (०३)

(१) लेखक अपने को 'सह्यपुत्र' क्यों कहते हैं ? (२) बाजार में पापा बच्चों को डाँटते–धमकाते क्यों नहीं थे?

(३) अज्जू बड़ा होकर क्या बनेगा?

**(आ) निम्नलिखित वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों के प्रयुक्त शब्दों से कीजिए । पूर्ण वाक्य लिखकर रिक्तस्थान पूरक शब्दों को अधोरेखांकित कीजिए ।** (०३)

(१) हम स्वतंत्र ... राष्ट्र बना रहे हैं । (२) खाक जानता है .... की कीमत ।

www.UniversityQuestionPapers.com

(३) मास्टरजी कहते हैं कि उसे .... मिलेगा ।

**(इ) पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों के आधार पर पूर्ण वाक्य में लिखिए कि निम्नलिखित प्रत्येक वाक्य किसने और किससे कहा है ।** (०२)

(१) "क्यों बक–बक किए जा रहा है ।" (२) "इसका कुछ इलाज करो जी ।"

**(ई) पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित विधान के साथ दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प जोड़कर प्रत्येक विधान पूर्ण वाक्य में लिखिए ।** (०२)

**(१) अगर हम गाँधीजी पर श्रद्धा और विश्वास रखें, तो ....**

www.UniversityQuestionPapers.com

(अ) इसी में गाँव की सेवा है । (ब) इसी में महाराष्ट्र की सेवा है । (क) इसी में भारत की सेवा है ।

www.UniversityQuestionPapers.com

**(२) अपने बौद्धिक क्षेत्र में भारत एक पूर्ण ....**

(अ) विकासशील देश है । (ब) विकसित देश है । (क) अविकसित देश है ।

**प्र. ३ : (क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर पाठ्यपुस्तक की कविताओं के आधार पर लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग पचास शब्दों में हो ।** **(०९)**

(१) बालक श्रीकृष्ण अपनी माँ से क्या शिकायत करता है ?

(२) राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज ने जीवित मानव की क्या पहचान बताई है?

(३) मानिनी यशोधरा ''रे मन, आज परीक्षा तेरी'' ऐसा क्यों कहती है?

(४) शहीद हमें क्या संदेश दिए जाते हैं?

(५) पेड़ों के कट जाने पर कौन-सी आपत्ति आ सकती है?

**(ख) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर पाठ्यपुस्तक की कविताओं के आधार पर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए ।** **(०५)**

(१) कवि बिहारी के अनुसार आदमी किसके बिना बड़ा नहीं होता?

(२) शहीदों ने किसकी पुकार सुनी?

(३) बालिका में किसकी क्षमाशीलता है?

(४) कवि महेंद्र भटनागर के अनुसार हम किसे पाप समझते हैं ?

(५) मकई के दाने घर रहेंगे तो किसान किसे डाँटेगा?

**(ग) निम्नलिखित पंक्तियों के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्यपुस्तक की कविताओं में प्रयुक्त शब्दों से कीजिए । प्रत्येक पूर्ण पंक्ति लिखकर रिक्त स्थान पूरक शब्दों को अधोरेखांकित कीजिए ।(०४)**

(१) वही .... समझा जाता, जो मौत पड़े पर नहिं डरता । (२) शाही शान .... की हैं, मनोकामना मतवाली ।

www.UniversityQuestionPapers.com

(३) हमें नादान बच्चों की ... लगती बड़ी प्यारी । (४) हम रहेंगे .... तुम्हें उधार देगा ।

**प्र. ४ : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर पूरक पठन की कथाओं के आधार पर लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग ६० शब्दों में लिखिए ।** **(०८)**

(१) नौजवान दुखी क्यों था? (२) राजा महात्मा के पास क्यों गया?

(३) कौए ने आगंतुक हंसों के सामने कैसा व्यवहार किया? (४) हेइशिरो बौद्ध भिक्षु क्यों बना?

**अथवा**

**निम्नलिखित में से किसी एक लोककथा का सारांश अपने शब्दों में लगभग १५० शब्दों में लिखिए ।**

(१) आम बराबर गेहूँ । (२) निर्दयी राजा और सयानी बुढ़िया ।

**प्र. ५ : (ट) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं तीन मुहावरों का हिंदी में अर्थ देकर उन मुहावरों का अपने बनाए सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए । प्रत्येक मुहावरे के लिए अलग-अलग वाक्य हो । प्रयुक्त मुहावरे को अधोरेखांकित कीजिए ।** **(०३)**

(१) कानों कान खबर न होना । (२) आँखों में धूल झोंकना । (३) नौ-दो ग्यारह होना ।

(४) कान खाना । (५) सोना बटोरना ।

**(ठ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों को कोष्ठक में सूचित काल में परिवर्तित करके पूर्ण वाक्य लिखिए ।** **(०३)**

(१) हमें जितना मिलता है, उसी में संतोष से रहते हैं । **(सामान्य भविष्यत्‌काल)**

(२) अम्मा पापा के साथ बाजार जाती है । **(अपूर्ण वर्तमानकाल)**

(३) डाकबंगले में भी पानी भर जाता है । **(पूर्ण भूतकाल)**

(४) अज्जू अपनी पढ़ाई पूरी कर लेता है । **(सामान्य भूतकाल)**

www.UniversityQuestionPapers.com

**(ड) निम्नलिखित अव्ययों में से किन्हीं दो का अव्यय के रूप में ही अर्थपूर्ण वाक्यों में प्रयोग कीजिए । प्रत्येक अव्यय के लिए एक स्वतंत्र वाक्य हो । प्रयुक्त अव्यय को अधोरेखांकित कीजिए ।** **(०२)**

(१) आजकल (२) बीच (३) उफ् !!

(ड) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके पूर्ण शुद्ध वाक्य लिखिए ।(०२)

(१) आँख उलट गईं, प्राण निकल गया ।

(२) बड़ी उत्साह से वह ने स्वागत किया ।

(३) मैं कपडे धोने का मशीन के लिए कहा था ।

प्र. ६ : निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर १५० से २०० शब्दों में निबंध लिखिए । (०८)

(१) वृक्ष लगाओ, देश बचाओ

(२) विज्ञान : वरदान या अभिशाप?

(३) किसी बाढ़-पीड़ित की आत्मकथा

(४) यदि परीक्षाएँ न होतीं .... ।

प्र. ७ : (अ) निम्नलिखित पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए । (०५)

रेहान/रेहाना शेख, २३, सहकार नगर, लातूर से व्यवस्थापक, टी. वी. सेंटर, तिलक मार्केट, लातूर के नाम पत्र लिखकर नए खरीदे टी. वी. सेट की खराबियों की शिकायत करता / करती है ।

**अथवा**

दीपक/ दीपा कुलकर्णी ८१, कामगार वसाहत, अंधेरी (प.) मुंबई से अपने विद्यालय शिवाजी विद्यामंदिर, वर्सोवा, मुंबई के प्रधानाध्यापक के नाम शुल्क माफी के लिए आवेदन-पत्र लिखता / लिखती है ।

(ब) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए । उसे उचित शीर्षक दीजिए । कहानी से प्राप्त होने वाली सीख भी लिखिए । (०५)

तीन यात्री --- एक जंगल से गुजरना --- रास्ते मे सोने के सिक्कों से भरी थैली मिलना --- तीनों की आपस में बाँट लेने की इच्छा --- भूख लगना -- एक का खाना लाने जाना -- सारा धन प्राप्त कर लेने के लिए खाने में विष मिलाना --- शेष दोनों का उसे कुएँ में ढकेलना --- भोजन करना ---- परिणाम ।

**अथवा**

अपने विद्यालय में मनाए गए 'हिंदी-दिवस समारोह' का रोचक वृत्तांत लिखिए । (वृत्तांत में स्थान, काल और कार्यक्रम का उल्लेख आवश्यक है । )

प्र. ८ : निम्नलिखित गद्यखंड के आधार पर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए ।

मनुष्य जहाँ जन्म लेता है, वहाँ की धूल में खेलकर बड़ा होता है । वहाँ से उसे स्वाभाविक प्रेम हो जाता है । वहाँ के सभी लोग उसके जाने-पहचाने हो जाते हैं । लगभग सभी उसके समान भाषा बोलते हैं और सभी का रहन-सहन एक-सा होता है । ऐसी दशा में वहाँ के लोगों से उसकी ममता का होना स्वाभाविक है । मनुष्य चाहे कितने ही अच्छे स्थान पर क्यों न रहने लगे, उसका मन जन्मभूमि में पहुँचने को उत्सुक रहता है । जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। जिसे देश में हमने जन्म लिया है, जिसके अन्न, जल और वायु से हमारा पालन हुआ है, उसके प्रति प्रेम की भावना रखना हमारा कर्तव्य है । देश की उन्नति में ही हमारी उन्नति है । यदि देश गिरी दशा में होगा, तो न हम अधिक दिन संपन्न रह सकते हैं और न हमारा मान हो सकता है । देश के प्रति सबको ममता की भावना रखना चाहिए ।

प्रश्न : (१) मनुष्य को जन्मभूमि से स्वाभाविक प्रेम क्यों होता है ? (०१)

(२) स्वर्ग से भी श्रेष्ठ किसे कहा गया है ? (०१)

(३) यदि हमारा देश गिरी दशा में होगा तो हमारी स्थिति क्या हो जाएगी? (०१)

(४) गद्यखंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए । (०१)

www.UniversityQuestionPapers.com